<u>आकाशवाणी जयपुर-अजमेर</u>

<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक: 01.09.2026 समय: 18:30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एससीओ शिखर सम्मेलन में संबोधन-आतंकवाद के ईको सिस्टम और फंडिंग को ध्वस्त करने का आह्वान।
- जल संरक्षण और बेहतर जल प्रबंधन के लिए नई दिल्ली में आज से दो दिन के शिखर सम्मेलन की शुरूआत हुई।
- प्रदेश में किसी भी जर्जर और असुरक्षित विद्यालय भवन तथा कक्षाओं का उपयोग नहीं करने के निर्देश।
- मलेशिया में सम्पन्न लेक्रोज़ चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम को कांस्य पदक-टीम में राजस्थान के जनजातीय क्षेत्र की नौ खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26वें शंघाई सहयोग संगठन-एससीओ शिखर सम्मेलन में आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश दिया है। किर्गिज गणराज्य की राजधानी बिश्केक में आयोजित सम्मेलन में श्री मोदी ने आतंकवाद के ईको सिस्टम और फंडिंग को ध्वस्त करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने सभी सदस्य देशों से आतंकवाद के खिलाफ दोहरे मानदंडों को खारिज करने की बात कही। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद पूरी मानवता के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है। ये किसी देश के लिए रणनीतिक सम्पत्ति नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री ने एससीओ को लेकर भारत की सोच साझा की। उन्होंने कहा कि भारत उन सभी प्रयासों का समर्थन करता है जो बाजारों को जोड़ते हैं, व्यापार को बढ़ावा देते हैं और विकास के नए रास्ते खोलते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे प्रयासों में सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का पूरा सम्मान किया जाना चाहिए। सम्मेलन के बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी अपनी दो दिन की किर्गिस्तान यात्रा पूरी कर बिश्केक से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए।

एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में देश की जीडीपी वृद्धि दर 7 दशमलव 8 प्रतिशत रहने पर देशवासियों को बधाई दी।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने 20 से 25 जुलाई के बीच देशभर में नीट पेपर लीक मुद्दे पर हुए छात्र प्रदर्शनों से जुडी सभी एफआईआर बंद करने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने इन मामलों में आगे जांच नहीं करने का आदेश दिया है। साथ ही न्यायालय ने राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को इस अवधि के प्रदर्शन से जुड़ी कोई नई प्राथमिकी दर्ज नहीं करने को कहा है। हालांकि न्यायालय ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन में मौजूद दो हजार 873 लोगों के खिलाफ जांच जारी रखने की अनुमति दी है, जिन पर पहले से ही संगीन आपराधिक मामले हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने यह आदेश दिया।

इस बीच, केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने आश्वासन दिया कि प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लिये जाएंगे और उनके खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाएगी।

000

देश में जल संरक्षण और बेहतर जल प्रबंधन के लिए आज से नई दिल्ली में दो दिन के शिखर सम्मेलन की शुरूआत हुई। जल शक्ति मंत्रालय की ओर से आयोजित किये जा रहे इस सम्मेलन में जल सुरक्षित भारत बनाने की दिशा में चर्चा की जा रही है। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने बताया कि सम्मेलन में विभिन्न राज्यों और विभागों के अधिकारियों को एक मंच पर लाया गया है। उनके साथ बेहतर जल प्रबंधन के लिए कार्य प्रणालियों और चुनौतियों के समाधान पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। सम्मेलन में जल संचय, जन भागीदारी-कैच द रेन और जल जीवन मिशन 2.0 के तहत पेयजल आपूर्ति योजनाओं के संचालन सहित अन्य विषयों को भी शामिल किया गया है। मंत्रालय की इस पहल से विभागीय शिखर सम्मेलन से सहकारी संघवाद और साझा जिम्मेदारी की भावना को और मजबूती मिलेगी।

जल ससांधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बताया कि सम्मेलन में राजस्थान की जल सुरक्षा पर भी मंथन कर रोड़मैप तैयार किया जाएगा।

000

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के लिए भरे गये नामांकन पत्रों की आज जांच की गई। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार 10 हजार 245 वॉर्डों के लिए 53 हजार 700 से अधिक प्रत्याशियों ने 65 हजार से ज्यादा नाम निर्देशन पत्र भरे। सबसे अधिक 3 हजार 800 से ज्यादा पर्चे जयपुर जिले में भरे गये। नामांकन पत्र दाखिल करने के साथ ही चुनाव को लेकर उम्मीदवारों ने जनसम्पर्क तेज कर दिया है। भाजपा और कांग्रेस दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों और तीसरे मोर्चे के प्रत्याशियों ने भी सक्रियता बढ़ा दी है। विभिन्न स्थानों पर निर्दलीय उम्मीदवारों की मौजूदगी मुकाबलों को त्रिकोणीय बना रही है। कई जगह बागी उम्मीदवारों को मनाने की कवायद भी की जा रही है। 3 सितम्बर को दोपहर 3 बजे तक नाम वापिस लिये जा सकते हैं। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव चिन्ह आवंटित किये जाएंगे।

निकाय चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन कार्मिकों को प्रथम प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी सिलसिले में आज जैसलमेर और पाली सहित विभिन्न स्थानों पर दो दिन की ये टे्निंग शुरू हुई।

इस बीच, नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरुकता अभियान के तहत स्वीप गतिविधियों का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में आज अजमेर में स्वीप टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम रखा। बालोतरा में खेल-खेल में मतदान का महत्व बताया जा रहा है। इसके लिए रोचक सांप-सीढ़ी पोस्टर तैयार किया गया है। उधर, कोटपूतली के गंगासागर तालाब पर भी मतदाता जागरुकता के लिए दीपोत्सव कार्यक्रम रखा गया है।

000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने प्रदेश में किसी भी जर्जर और असुरक्षित विद्यालय भवन तथा कक्षा कक्षों का उपयोग नहीं करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य सचिव ने विद्यालय भवनों की सुरक्षा को लेकर आज जयपुर में समीक्षा बैठक की। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को संस्थान भवनों की सुरक्षा की सतत निगरानी और नियमित परीक्षण करने को कहा। इस दौरान उन्होंने स्कूलों में पीने के साफ पानी की उपलब्धता पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी शिक्षण संस्थानों में इसकी समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। बैठक में स्कूल शिक्षा के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश यादव ने बताया कि प्रदेश के 65 हजार से ज्यादा स्कूलों का तकनीकी सर्वेक्षण करवाया गया है। इनमें 3 हजार से ज्यादा जर्जर भवन और 83 हजार से अधिक जर्जर कक्षा कक्ष चिन्हित किये गये हैं। विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इनके उपयोग पर रोक लगाई गई है। साथ ही प्रभावित विद्यालयों के संचालन के लिए सुरक्षित वैकल्पिक व्यवस्थाएं की गई हैं। श्री यादव ने बताया कि आईआईटी जोधपुर और जयपुर के एमएनआईटी के विशेषज्ञों की टीम द्वारा सरकारी स्कूल भवनों की स्वतंत्र तकनीकी सुरक्षा जांच की जा रही है।

000

मलेशिया में सम्पन्न लेक्रोज़ चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम ने कांस्य पदक हासिल किया है। कुआलालंपुर में भारत ने शुरूआती मुकाबले में मेजबान मलेशिया को हराया। इसके बाद फिलिपींस को भी मात दी। कांस्य पदक के लिए भारतीय टीम का सामना सिंगापुर से हुआ। दोनों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली और भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतिम क्षणों में सिंगापुर को दस-नौ से पराजित कर कांस्य पदक पर कब्ज़ा जमाया। भारतीय टीम में कप्तान डाली गमेती सहित उदयपुर और जनजातीय क्षेत्र की बेटियों का अहम योगदान रहा।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने तिरंगे की शान बढ़ाने वाली भारतीय महिला लेक्रोज टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि सीमित संसाधनों के बाद राजस्थान की बेटियों ने उम्दा प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी इस उपलब्धि के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्र की खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और जज्बे से देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

000

केन्द्र सरकार ने सुरक्षित भंडार से देश के प्रमुख शहरों के बाजारों में प्याज भेजना शुरू कर दिया है। खाद्य मंत्रालय के अनुसार देश में प्याज की बढ़ती कीमतों को काबू में रखने के लिए कांदा एक्सप्रेस मालगाड़ियों और ट्रकों के जरिए प्याज की आपूर्ति की जा रही है। मंत्रालय ने बताया कि रेलगाड़ियों के अलावा सड़क मार्ग से भी लगभग 1 हजार मीट्रिक टन प्याज बाजारों में भेजा जा रहा है। साथ ही सरकार ने ये स्पष्ट किया है कि बफर स्टॉक से प्याज बाजार में आने के बाद इसकी उपलब्धता बढ़ी है और कीमतों में कमी आ रही है। आने वाले दिनों में प्याज के दाम में और गिरावट आएगी।

000